## हरियाली तीज महोत्सव मनाया

**भरतपुर ( निस )।** अपना घर आश्रम में देर शाम तक सावन माह की हरियाली तीज महोत्सव आश्रम में आवासरत महिला आवासियों द्वारा हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

जहां उन्होंने अपने हाथों पर आकर्षक मेंहदी लगाई एवं इस उत्सव में महिला आवासियों की खशी का ठिकाना नहीं रहा। जब सावन की मल्हारों व गीतों पर इन्होंने झूला झूलाकर एवं गाना गुनगुनाकर डांस किया।

तब आवासियों के चेहरों पर एक अलग ही खुशी छलक रही थी। अपना घर प्रभु प्रकल्प के ब्लॉक 2, 3 व ब्लॉक 4 में महिलाओ के लिए झूलने के लिए झूले लगाये गए हैं। सावन माह में पडने वाले तीज महोत्सव को बडे हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। जिसमें महिलाएं अपने सुहाग के लिए भगवान शंकर की पूजा अर्चना कर अपने अखंड सुहाग के लिए पूरे दिन व्रत रखकर पूजा अर्चना करती है।

उसी हिसाब से अपना घर आश्रम में तीज महोत्सव मनाया गया। महिलाओं द्वारा नाच गाकर एवं मेहंदी लगाकर पूर्ण रूप से साज सज्जा कर हर्षोल्लास के साथ तीज महोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर अपना घर सेवा समिति महिला शाखा भरतपुर एवं अपना घर सेवा समिति बयाना की महिला सदस्य तथा सेवासाथियों के अलावा संस्था की महिला पदाधिकारी भी मौजूद रही।

# फतेह पब्लिक स्कूल में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया

**सवाई माधोपुर ।** सवाई माधोपुर में टाईगर मैन के नाम से प्रसिद्ध स्वर्गीय फतेहसिंह राठौड़ के 86वे जन्म दिवस पर आज रणथंभौर रोड स्थित फतेह पब्लिक स्कूल में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया ।

■ **टाईगर मैन के नाम से प्रसिद्ध स्वर्गीय फतेहसिंह राठौड़ के 86वे जन्म दिवस पर आज रणथंभौर रोड स्थित फतेह पब्लिक स्कूल में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया**



**स्वर्गीय फतेहसिंह राठौड़ के 86वे जन्म दिवस पर आज रणथंभौर रोड स्थित फतेह पब्लिक स्कूल में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया**

जिसमे 10वी व 12वी कक्षा में 90 फीसदी से अधिक अंक अर्जित करने वाले राजपूत समाज के बालक बालिकाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली राजपूत समाज की प्रतिभाओं को भी सम्मानित किया गया । कार्यक्रम की संयोजक पदमनी राठौड़ ने बताया कि स्वर्गीय फतेह सिंह राठौड़ के 86 वे जन्म दिवस पर फतेह पब्लिक स्कूल में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है , जिसमे राजपूत समाज की विभिन्न प्रतिभाओं का सम्मान किया गया है ।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथित के रूप में राजपूत सभा भवन जयपुर के अध्यक्ष रामसिंह राजावत उपाध्यक्ष ,प्रताप सिंह जी उपाध्यक्ष , बलदेव सिंह जी हाड़ा रहे । कर्यक्रम में समाज के मूलसिंह,भरतसिंह भेड़ोला ,नरपत सिंह ,धीरेंद्र सिंह जादोन्न ,गोवर्धन सिंह जी राठौड़, सहित राजपूत समाज की तमाम लोग मौजूद रहे । इस दौरान समाज की महिलाएं भी बड़ी संख्या में मौजूद रही । उन्होंने बताया कि स्वर्गीय फतेह सिंह राठौड़ ने रणथंभौर को आबाद करने के लिए बहुत कुछ किया है । उन्ही की बदौलत आज सवाई माधोपुर को देश और दुनिया मे रणथंभौर एंव टाईगर सिटी के नाम से जाना जाता है । फतेह सिंह राठौड़ को टाईगर मेन के नाम से जाना जाता है । इस वर्ष की भाँति इस वर्ष भी स्वर्गीय फतेह सिंह राठौड़ का जन्मदिन बड़ेही हर्सोल्लास के साथ मनाया गया है ,आज भलेही फतेह सिंह राठौड़ हमारे बीच नही है लेकिन उनके द्वारा दिया गया वन्यजीव प्रेम आज भी हमे वन्यजीवों के संरक्षण को लेकर प्रेरणा देते है ।

## रूपेंद्र सिंह की अध्यक्षता में बैठक आयोजित

**भरतपुर ( निस )।** कुछ दिनों पूर्व नगर निगम के पार्षदों के द्वारा नगर निगम आयुक्त को दिए ज्ञापन पर कोई कार्यवाही नहीं होने से नाराज पार्षदों द्वारा अमर होटल में नेता प्रतिपक्ष रूपेंद्र सिंह की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। जिसमें सभी पार्षदों ने आक्रोश जताते हुए 12 अगस्त को नगर निगम भरतपुर में प्रदर्शन करने तथा मेयर, आयुक्त नगर निगम का घेराव करने का निर्णय सामूहिक रूप से लिया है। पार्षदों ने बताया कि नगर निगम सभागार में पार्षदों की बैठक आयोजित की गई थी। जिसमें आपसी चर्चा के बाद सामूहिक रूप से सभी पार्षदों के हस्ताक्षर युक्त एक ज्ञापन आयुक्त को दिया गया था। जिसमें प्रमुख रूप से जल भराव की समस्या का समुचित समाधान, जमा राशि वाले पटटों का 10 अगस्त से पहले वितरण, वार्डों में आवश्यक कार्यों की एनआईटी लगाने तथा सात दिवस में साधारण सभा की बैठक बुलाने की मांग रखी गई थी। पार्षदों ने कहा कि अफसोस कि बात है आज तक नगर निगम प्रशासन का किसी भी मांग के प्रति सकारात्मक रुख नहीं दिखाई दिया। जिसके चलते 12 अगस्त को नगर निगम भरतपुर में सभी पार्षद प्रदर्शन व घेराव करेंगे। इस अवसर पर पार्षद हरवन सिंह मनोज सिंह मोती सिंह चंदा पंडा दीपक मुद्गल व पार्षद प्रतिनिधि सुंदर सिंह मौजूद रहे।

## सार-समाचार

### जल भराव क्षेत्रों का लिया जायजा



**करौली में जल भराव क्षेत्रो का जायजा लेते जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सैना बीच मे।**

**करौली( नि.स. )।** जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सैना ने शनिवार को शहर में वर्षा के कारण जल भराव क्षेत्रों का जायजा लिया। उन्होंने शहर के गणेश गेट के बाहर बग्गीखाना क्षेत्र, गौशाला क्षेत्र, होली खिड़कियां, शिकारगंज, रणगवां ताल,अम्बेडकर तिराहा,हाथी घटा क्षेत्र सहित शहर के विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण किया एवं अधिकारियों को शनिवार दिन में हुई बरसात के दौरान पानी भरने की स्थिति को देखते हुए जल्द से जल्द पानी निकासी के निर्देश दिये एवं भविष्य में आगामी वर्षा के मौसम को देखते हुए सतर्क एवं सक्रिय रहकर कार्य करने के लिए भी कहा। निरीक्षण के दौरान उन्होंने जल भराव एव अवरोध अतिक्रमण आदि की जांच कर जल भराव समस्या के स्थाई समाधान कि बात कही। निरीक्षण के दौरान जिला कलेक्टर ने नालियों की नियमित रूप से साफ सफाई करवाने के निर्देश नगर परिषद के अधिकारियों को दिए। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शंकर लाल मीणा,उपखंड अधिकारी मंडरायल बृजेश गुप्ता,नगर परिषद के सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

### डॉ.गर्ग का किया अभिनन्दन

**भरतपुर ( निस )।** पूर्व मंत्री व राष्ट्रीय लोकदल के विधायक डॉ. सुभाष गर्ग ने भरतपुर दौरे के दौरान रणजीत नगर कार्यालय पर जन सुनवाई की। इस दौरान वाल्मीकी समाज सहित अन्य सामाजिक, राजनैतिक लोगों ने डॉ. गर्ग का स्वागत किया और क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराया। राज्य विधानसभा में सफाईकर्मियों की भर्ती में वाल्मीकी समाज के लोगों को प्राथमिकता देने का मुद्दा जोरदारी के साथ उठाने पर वाल्मीकी समाज के लोगों ने रणजीत नगर कार्यालय पर आकर डॉ. सुभाष गर्ग का साफा, माला, पटका पहनाकर स्वागत किया और सफाईकर्मियों के हित में बात करने पर डॉ. गर्ग का आभार जताया। इसके अलावा अन्य लोगों ने भी डॉ. गर्ग का स्वागत किया और अपनी समस्याओं से अवगत कराया। डॉ. गर्ग ने लोगों की समस्याओं को सुनकर सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को उनकी समस्याओं का समाधान कराने के निर्देश दिये। इसके अलावा क्षेत्र में हो रही बरसात से निचली कॉलोनियों में हो रही जलभराव की समस्या से निजात दिलाने के लिये पम्प सेट लगाकर पानी निकासी के प्रबंध करने के निर्देश दिये।

### आम शान्ति भंग में 6 गिरफ्तार

**सूरौठ ।** थानाधिकारी महेश कुमार मीणा उ.नि. द्वारा मय जाब्ता द्वारा कार्यवाही करते हुए गांव ढिंढोरा में पैसों के लेन देन की बात को लेकर हुए आपसी विवाद पर कार्यवाही करते हुए आम शांति भंग करने पर ,श्याम पुत्र भगीली जाति जाटव उम्र 60 साल निवासी एक मूर्ती ढिंढोरा थाना सूरौठ जिला करौली,. मुकेश पुत्र मनोहरी जाति जाटव उम्र 48 साल निवासी बाई जटट का पुरा ग्राम सूरौठ जिला करौली, जीतेन्द्र पुत्र अतरसिंह जाति जाटव उम्र 29 साल निवासी जाटव बस्ती थाना कोतवाली हिण्डौनसिटी,. धमेन्द्र पुत्र भगवत जाति जाटव उम्र 32 साल निवासी धंधावली थाना सूरौठ जिला करौली, ,प्रतापसिंह पुत्र भवुती जाति जाटव उम्र 61 साल निवासी एक मूर्ती ढिंढोरा थाना सूरौठ जिला करौली, लोकेश पुत्र मानसिंह जाति जाटव उम्र 22 साल निवासी ढिढोरा थाना सूरौठ जिला करौली को शांति भंग करने के आरोपगिरफ्तार किया ।

### कनिष्ठ सहायक परीक्षा 11 को

**भरतपुर ( निस )।** राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड जयपुर द्वारा 11 अगस्त 2024 को लिपिक ग्रेड-1 कनिष्ठ सहायक सीधी भर्ती परीक्षा-2024 का आयोजन भरतपुर संभाग मुख्यालय पर 21 परीक्षा केन्द्रों पर दो पारियों में प्रातः 9 बजे से 12 बजे तथा अपराह्न 3 बजे से 6 बजे तक किया जा रहा है। जिसमें भरतपुर जिले के साथ-साथ अन्य जिलों, स्थानों के परीक्षार्थी भी भाग लेंगे। सभी परीक्षा केन्द्रों पर व्यवस्थायें पूर्ण कर ली गई हैं। वर्षा के मौसम को ध्यान में रखते हुए परीक्षार्थियों को सलाह दी जाती है कि वे परीक्षा केन्द्र में प्रवेश के लिए निर्धारित समय से पूर्व ही परीक्षा केन्द्र पर पहुंच जायें। परीक्षा प्रारम्भ से 1 घंटे पूर्व केन्द्र के द्वार बन्द कर दिये जाने की स्थिति में होने वाली परेशानी से बचें। बोर्ड द्वारा अनुमत ड्रेस कोड में ही आयें तथा किसी प्रकार की अवांछित सामग्री साथ नहीं लायें।

### बैठक आयोजित

**भरतपुर ( निस )।** प्रादेशिक दवा विक्रेता समिति के आव्हान पर आरजीएचएस-ईपी कैमिस्ट, भरतपुर शाखा की बैठक कैमिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष जगदीश गुप्ता के तत्वावधान में प्रातः 11 बजे होटल अनमोल सारस चौराहे पर आयोजित की गई। जिसमें राजस्थान सरकार आरजीएचएस विभाग द्वारा पिछले तीन माह से दवाईयों के बिलों का भुगतान नहीं किया गया है और रिजेक्टेड बिलों की राशि का भी भुगतान नहीं किया गया है, पर चर्चा की गई।

## अखंड भारत दिवस पर तिरंगा वाहन रैली को लेकर बैठक

**अंता** (निसं)। बजरंग दल और विश्व हिन्दू परिषद द्वारा अखंड भारत दिवस 14 अगस्त को निकाली जाने वाली विशाल तिरंगा वाहन रैली के आयोजन को लेकर शनिवार को चमन रिसोर्ट में एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। जिसमें आयोजन को लेकर योजना को अंतिम रूप दिया गया।

यह जानकारी विश्व हिन्दू परिषद अंता के मंत्री सत्यनारायण सुईवाल तथा बजरंग दल प्रखंड मंत्री नरेश मालव ने देते हुए बताया कि बैठक में बजरंग दल और विश्व हिन्दू परिषद के अंता नगर और प्रखंड के दायित्व वान कार्य कर्ताओ ने भाग लिया।

उन्होंने बताया कि इस तिरंगा वाहन रैली को सफल बनाने केलिए आयोजन के लिए विभिन्न व्यवस्थाओं के प्रभारी नियुक्त किए गए। बैठक में राम-लखन वैष्णव अंता प्रखंड अध्यक्ष विश्व हिन्दू परिषद , छीतरलाल कुमावत अध्यक्ष अंता नगर विश्व हिन्दू परिषद ने कार्य कर्ताओ से हर गांव और हर मोहल्ले में हर घर तिरंगा वाहन रैली के लिए संपर्क किया जाना चाहिए। बैठक में मुख्य रूप से मंच व्यवस्था भारत माता पूजन हेतु शैलेष गालव प्रखंड उपाध्यक्ष , अशोक खंगार एवं भरत नामा को प्रभारी बनाया गया है। प्रसाद वितरण एवं डी जे माईक प्रमुख

शिवराज कुमावत, अशोक खंगार, भरत नामा को बनाया गया है। अतिथि आगमन व सत्कार सत्यनारायण सुईवाल, जल व्यवस्था प्रमुख शंकर सिंह सिसोदिया व लोकेश, अतिथि परिचय चंद्र सिंह गौड़ मंच संचालन प्रमुख नंदकिशोर नायक एडवोकेट एवं पार्षद,को बनाया गया है। बैठक में तिरंगा वाहन रैली कृषि उपज मंडी समिति परिसर से दोपहर एक बजे बाद प्रस्थान करेगी।

# मंत्रोच्चार और मंगल गीत गाकर किया जल का अभिनंदन

**रूपवास ।** पाँचना बांध से गंभीर नदी के रास्ते छोड़े गया पानी शनिवार को विधानसभा क्षेत्र बयाना - रूपवास में पहुँच गया है।

इस अवसर पर विधायक डॉ रितु बनावत ने समोगर पहुंचकर ग्रामीण महिलाओं के साथ विधिवत रूप से मंत्रोच्चार और मंगलगीत गाकर पूजन किया। विधायक ने नदी के जल में दीप,चूनरी,श्रीफल के साथ आरती उतारकर पानी का स्वागत कर इस पानी से क्षेत्र में ख़ुशहाली आने की शुभमंगल कामना की।



**नदी के जल की पूजा अर्चना करती विधायक।**

इससे पूर्व जल संसाधन और ज़िले के प्रभारी मन्त्री सुरेश रावत से दूरभाष पर डॉ रितु बनावत ने बात करके पाँचना बाँध से गंभीर नदी में लोगों की माँग को देखते हुए पर्याप्त पानी छोड़े जाने की माँग की। जिससे एक ओर केवला देव घना पक्षी विहार को पानी मिलने के साथ ही नदी का पानी रूपवास क्षेत्र में उत्तर प्रदेश की सीमा तक पहुँच सके। वहीं मन्त्री रावत ने भरोसा दिलाया कि केवलादेव घना पक्षी विहार और रूपवास क्षेत्र को ध्यान में रखते हुए पर्याप्त पानी छोड़ने की व्यवस्था कराएँगे। मंत्री के निर्देश के बाद पानी की निकासी बढ़ा दी गई।

# तिरंगा रैली की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित

**सवाई माधोपुर ।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व के आहान पर घर घर तिरंगा अभियान के तहत आयोजित होने वाली तिरंगा रैली की तैयारियों को लेकर भाजपा सवाई माधोपुर के पदाधिकारियों की बैठक जिलाध्यक्ष सुशील दीक्षित की अध्यक्षता में जिला कार्यालय पर आयोजित हुई ।

जिला मीडिया प्रभारी सुरेन्द्र शर्मा ने बताया कि बैठक में 12 और 13 अगस्त को विधानसभाओ में और 14 को जिला मुख्यालय में युवा मोर्चा द्वारा तिरंगा रैली का आयोजन करना तय किया गया । बैठक में घर घर तिरंगा लगाने को लेकर भी चर्चा हुई और उनके लिए प्रत्येक मंडल स्तर पर संयोजक तय किए गए । जिलाध्यक्ष सुशील दीक्षित ने शहर मंडल में पंडित लालचंद गौतम, बजरिया में दीनदयाल मथुरिया, ग्रामीण में सुरेन्द्र शर्मा, मलारना डूंगर बलवीर सिंह राजावत, कुंडेरा मीरा सैनी, खंडार मानवेन्द्र सिंह, छान हरिओम गर्ग, चौथ का बरवाड़ा चंपालाल मीणा, कुस्तला सत्यनारायण धाकड़, बामनवास और बरनाला उदयसिंह गुर्जर, बोली कमलेश जैलिया, मित्रपुरा दामोदर बिंदल, गंगापुर शहर गिरधारी सोनी, तलवाड़ा विजय गुर्जर, वजीरपुर पुष्कर जाट, गंगापुर ग्रामीण अंजू जाटव को अभियान का संयोजक नियुक्त किया है । बैठक में तिरंगा अभियान के जिला संयोजक के रूप में भगवान सिंह गुर्जर को नियुक्त किया है । इस दौरान सभापति सुनील तिलकर, पूर्व जिलाध्यक्ष डा भरत लाल मथुरिया,सुरेश जैन, बजरंग लाल जाट, जिला उपाध्यक्ष मीरा सैनी, जिला कोषाध्यक्ष दीनदयाल अग्रवाल,जिला मंत्री हरिप्रसाद गुप्ता दीनदयाल मथुरिया , पूर्व नगर सभापति कमलेश जेलिया, बजरिया मंडल अध्यक्ष नीलकमल जैन, शहर मंडल अध्यक्ष श्रीचरण महावर,छान मंडल अध्यक्ष कैलाश महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष आशा शर्मा, सहित भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

## पार्षद रंजीत सैन बने अध्यक्ष

**भुसावर ( निस )।** कस्बे के पुराने बिजली घर के पास हरि रमन मैरिज होम में 10 अगस्त शुक्रवार को जिला सैन महासभा के पदाधिकारीयो के निर्देश में भुसावर सैन समाज तहसील के चुनाव में पार्षद रणजीत सैन को निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया।

जिला भरतपुर सेन समाज महासभा के पदाधिकारी लाखन सिंह मुखिया, ओमप्रकाश आजाद, नेम सिंह, हरिकिशन ओमप्रकाश कबई के नेतृत्व मे तहसील भुसावर के पार्षद रणजीत सैन को अध्यक्ष, सुरेंद्र कुमार बल्लभगढ़ बालों को उपाध्यक्ष, वेद प्रकाश को सचिव एवं कोषाध्यक्ष सतीश इटामडा को निर्विरोध चुन कर प्रमाण पत्र देकर गोपनीयता की शपथ दिलवाई गई।

## अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस पर होंगे जागरूकता कार्यक्रम

**करौली ( नि.स. )।** अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर जिला प्रशासन, नेहरू युवा केंद्र एवं एक्शनएड-यूनिसेफ करौली द्वारा जिलें के राजकीय महाविद्यालयो,विद्यालयों में बाल विवाह,बालश्रम कि रोकथाम एवं बाल संरक्षण के मुद्दों पर युवाओं की भूमिका, नशामुक्त, सायबर अपराध, पितृसत्तात्मक,यौन एवं प्रजनन स्वास्थ्य अधिकार सहित अन्य विधिक प्रावधानों के संबंध में जागरूक किया जायेगा। नेहरू युवा केंद्र के जिला युवा अधिकारी शरद त्रिपाठी ने बताया है कि अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर दिनांक 12 अगस्त को महात्मा गाँधी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय करौली, 13 अगस्त को एकलव्य मॉडल स्कूल राणोली श्री महावीर जीएवं 14.अगस्त को राजकीय कन्या महाविद्यालय करौली में बाल एवं युवाओं के मुद्दों को लेकर जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा जिसमें श्रम विभाग, बाल कल्याण समिति, मानव तस्करी विरोधी यूनिट, चिकित्सा विभाग के अधिकारियों सहित एक्शनएड-यूनिसेफ जिला समन्वयक दिनेश कुमार बैरवा किशोर एवं युवाओं को विभिन्न विधिक प्रावधानों के संबंध में अवगत करवाने के लिए सत्र लेगें कार्यक्रमों के संबंध में स्थानीय विद्यालय, महाविद्यालयों को अवगत करवा दिया गया है।

## विश्व हिन्दू परिषद की जिला बैठक आयोजित

**भरतपुर ( निस )।** विश्व हिन्दू परिषद की जिला बैठक संविधा भवन में जिलाध्यक्ष लाखन पहलवान द्वारा आयोजित की गई। बैठक में विहिप के प्रान्त मंत्री राधेश्याम गौतम का सानिध्य प्राप्त हुआ।

जिन्होंने बैठक को सम्बोधित करते हुए संगठन की रीति नीति पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संगठन की जिला, शहर, प्रखण्ड व खण्ड की कार्यकारिणी को पूर्ण करें व संगठन को मजबूत करें जिससे प्रत्येक ग्राम तक संगठन का कार्य पहूँचे यही हमारा लक्ष्य और ध्येय होना चाहिये। विश्व हिन्दू परिषद के गौरवमय 60 वर्ष पूर्ण होने जा रहे हैं

जिससे संगठन का शंखनाद 29 अगस्त 1964 को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के शुभावसर पर सनातन संतों अर्थात हिन्दु, जैन, सिख, बौध संतो के आर्शीवाद से हुई थी।

बैठक में प्रान्त धर्माचार्य सम्पर्क प्रमुख चन्द्रप्रकाश व्यास टीटू, विभाग मंत्री सिद्धार्थ फौजदार, रामअवध बघेल,श्याम सुन्दर गुप्ता, अमित चौधरी, ओमप्रकाश फौजदार, सुमन रावत, ब्रजेश चौधरी, संतोष सिकरवार, अनिल भारद्वाज, विनोद मडरपुर, अमित जिंदल, अंकित सिंह, प्रतीक टवींकल, नवनीत वंसीवाल,, लखन शर्मा, मोहित सिंह, सूरज पांचाल, ताराचंद, ऋतान्शु सैनी, साहित भवनपुरा आदि मौजूद रहे।

# सीताराम गुप्ता के मुख्य आतिथ्य में गोष्ठी का आयोजन




**पहाडी थाना क्षेत्र के गांव कठौल में समृद्ध भारत अभियान के निदेशव सीताराम गुप्ता के मुख्य आतिथ्य में गोष्ठी का आयोजन हुआ।**

**भरतपुर ( निस )।** डीग जिले के मेवात क्षेत्र में बढते साइबर अपराधों की रोकथाम के लिए पुलिस के साथ समृद्ध भारत अभियान के बैनर तले बनी बृज मेवात जन जागृति अभियान के द्वारा क्षेत्र के गांवों में निरन्तर सामाजिक गोष्ठियों का आयोजन कर सर्व समाज के लोग लोगों को समझाइश की जा रही है कि युवक इस समाज विरोधी कार्य को छोड कर स्वरोजगार के कार्य प्रारम्भ करे, जिससे युवकों को रोजगार के साथ-साथ क्षेत्र की हो रही बदनामी पर अंकुश लग सके।

इसी क्रम में पहाडी थाना क्षेत्र के गांव कठौल में समृद्व भारत अभियान के निदेशव सीताराम गुप्ता के मुख्य आतिथ्य में गोष्ठी का आयोजन हुआ। जिसमें गांव एवं मेवात सर्वधर्म के लोग मौजूद रहे। गोष्ठी में शामिल हुए सभी लोगों ने हाथ उठाकर संकल्प व्यक्त किया कि इस मुहिम में सहयोग कर अपराधिक प्रवृतियों पर रोक लगाने का प्रयास करेंगे।

गोष्ठी में निदेशक सीताराम गुप्ता ने कहा कि क्षेत्र के युवक रास्ता भटक कर जो गैर कानूनी कार्य कर रहे है, जो हम सबके लिए चिन्ता का विषय है। निष्चय ही इस कार्य से युवकों का जीवन बर्वाद हो रहा है और समाज की प्रतिष्ठा पर प्रतिकूल प्रभाव पड रहा है।

उन्होने कहा कि ऐसे कार्य करने वाले युवकों को समझाना होगा और उन्हे क्षेत्र की आवश्यकता के अनुरूप रोजगार के कार्य शुरू करने होंगे।

जिसके लिए संस्था प्रशिक्षण एवं अन्य सहयोग प्रदान करेंगी। इस अवसर पर महामंत्री अताउल्ला खान, डॉ रविन्द्र तरगोत्रा, साजिद खान एडवोकेट आदि ने अपने विचार व्यक्त किए और विश्वास दिलाया कि वे सब मिल कर समाज में फैली इस बुराई को समाप्त करने में सहयोग करेंगे।

## परामर्श शिविर सम्पन्न

**भरतपुर ( निस )।** डॉ. कुसुम शर्मा हॉस्पीटल कैम्पस गोपालगढ भरतपुर में प्रातः 10 बजे से 2 बजे तक निसंतान्ता एवं आईवीएफ परामर्श शिविर का आयोजन किया गया।

डायरेक्टर डॉ. कुसुम शर्मा स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ ने बताया कि इस शिविर में आसपास के ग्रामीण एवं शहरी 56 मरीजों ने परामर्श लिया, इसमें 11 दम्पत्ति ऐसे भी थे जो पूर्व में इलाज से लाभान्वित हो चुके थे।

शिविर में जिन भी दम्पत्ति को बच्चा होने में किसी भी प्रकार की दिक्कत आ रही है, जिन महिलाओं को बच्चेदानी की रसोली, फैलोपियन ट्यूब ब्लॉक, बच्चेदानी में टीबी, बार बार गर्भधारण होने के पश्चात भी गर्भपात होना, अधिक उम्र होने पर महीना न आना या फिर संतान न होना, एक बार संतान होने पर दोबारा गर्भ धारण न होना, दो या तीन बार आईयूआई कराने पर भी असफलता मिलना, अनियमित माहवारी या अण्डों का नहीं बनना एवं समय पर नहीं फूटना और पुरूषों में शुक्राणु में कमी होना आदि किसी भी समस्या के कारण माता पिता बनने के सुख से वंचित रह गये हैं उन्हें संतान उत्पत्ति के लिए सही मार्गदर्शन दिया गया।

इस शिविर में जयपुर के प्रसिद्ध डॉक्टर निशांत दीक्षित द्वारा निसंतान्ता एवं आईवीएफ के मरीजों के लिए परामर्श दिया गया। इस मौके पर अजय शर्मा, बोबी, सुमित, ज्ञान सिंह, राजेश सिंह, पुष्पलता, सुरेश शर्मा, रवि आदि मौजूद रहे।

# सूरौठ पुलिस ने मुलजिम मुंशी को किया गिरफ्तार

**सूरौठ ।** भरतपुर पुलिस महानिरीक्षक राहुल प्रकाश आईपीएस करौली पुलिस अधीक्षक बृजेश ज्योति उपाध्याय अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हिंडौन सिटी सत्येंद्र पाल, आईपीएस के निर्देशन में उपाधीक्षक हिंडौन सिटी गिरधर सिंह आरपीएस के सुपरविजन में थाना अधिकारी महेश चंद्र मीणा सूरौठ व टीम द्वारा थाना क्षेत्र के गांव रारासहायपुर में भूत प्रेत की बाधा को दूर करने के बहाने सोने के आभूषण व नगदी चोरी कर ले जाने वाले साथी मुलजिम को जयपुर से गिरफ्तार कर सोने चांदी के आभूषण किये बरामद जिस पर गांव रारासहायपुर निवासी रनवीर सिंह डांगुर पुत्र गोविन्द सिंह जाति जाट उम्र 34 साल ने सूरौठ थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई कि हमारे गांव में एक व्यक्ति करीब 3-4 माह से मोटर साईकिल पर बर्फ बेचने प्रत्येक सोमवार को मोतीपाल बाबा के स्थान गांव खीपकापुरा में गन्ने का ठेला लगाता है, मेरी उसे बर्फ वाले से करीब दो महिने पहले जान-पहचान हो गई उसने अपना नाम मुंशी खान पुत्र खुर्शीद जाति पठान मुसलमान निवासी मीना का बास बडौदा मेंव अलवर का रहने वाला बताया, उसके बाद मुन्शी खान हमारे घर पर भी आता जाता था।

21 जुलाई की सांय 6 बजे के लगभग प्रार्थी अपनी ससुराल गांव भौट फतेहपुर थाना उच्चैन जिला भरतपुर चला गया था। घर पर मेरी माता माया देवी, पत्नि मनीषा कुमारी तथा भतीजा अंकित था, मुन्शी खान ने जादू टोने वाली बात मेरे घर वालों को बताई कहा कि आपके घर व प्लॉट में उपरी हवा का साया चल रहा है जिसका मैं इलाज कर सकता हूँ। मेरे घर बाले मुन्शी खान की बातों में आ गए। मुन्शी ने कुछ सामग्री मंगवाई और कहा कि मैं आपके घर व प्लाट से उपरी साया को खत्म कर दूंगा। उसने मेरी माँ को रात्रि 11 बजे प्लॉट,पर भेज दिया तथा मेरी पति को कहा कि आपके पास जितना भी सोने का जेवर है उसको मेरे को लाकर देवे जिस पर मेरी पत्नि ने पहने हुए सोने का मंगलसूत्र, नगमाला, एक सोने की अंगूठी, तथा कानों की टोकस को मुन्शी को दे दिए। फिर एक मटका लाने को कहा। उसके बाद मेरी पत्नी को चाय बनाने के लिए कहा। मेरी पत्नी चाय बनाने चली गई तब मुन्शी ने उस सोने के जेवरातों को निकाल लिया उस मटका में एक कपडे की थैली को रखकर मटका का मुँह बन्द दिया,थोड़ी देर में मेरी पत्नी चाय लेकर आ गई, मुन्शी ने कहा इस मटके को प्लॉट में जाकर मिटटी में गाढ़ देना जिस पर मेरी पत्नी व भतीजे ने मटका कों मिटटी में गाढ दिया। मुंशी खान ने कहा कि आप इस मटके को ग्यारह दिन के बाद निकालना। उसके बाद मेरी पत्नी, मां भतीजा सो गया मुंशी खां भी बाहर के कमरे में सो गया रात को मुंशी खां ने मकान में रखें

संदूक में से 90 हजार रुपए निकाल लिए घटना के 11 दिन बाद मेरी पत्नी ने प्लॉट से मटका को निकाला तो देखा कि मटका में से सोने के जेवरात गायब है यह संपूर्ण कहानी मेरे घर वालों ने बताई तब मैंने मेरी पत्नी को संदूक में रखे रूपयों के बारे में पूछा तो देखा कि संदूक में रखे रुपए भी गायब है मुंशी खान के द्वारा जादू टोने का दिखावा कर धोखाधड़ी से मेरी पत्नी के सोने के जेवर तथा संदूक में रखे 90 हजार रुपए को निकाल कर ले गया जिस पर सूरौठ पुलिस ने कार्रवाई करते हुए विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर अनुसंधान हेड कांस्टेबल गिरधारी द्वारा किया गया जिसमें उक्त प्रकरण में तत्काल कार्रवाई करते हुए थाना अधिकारी सूरौठ महेश चंद्र मीणा व हेड कांस्टेबल गिरधारी, कांस्टेबल कन्हैया शर्मा कांस्टेबल रामसहाय, बलवीर,व अमीर सिंह के द्वारा तकनीकी साक्ष्य व लोकेशन के आधार पर मुलजिम मुंशी खान पुत्र खुर्शीद खान जाती पठान मुसलमान उम्र 36 साल निवासी मीणा का बास थाना बड़ौदा मेंव जिला अलवर को ढेर की ढाणी जयपुर से 6 को गिरफ्तार कर पुलिस रिमांड पर लिया जाकर अनुसंधान कर चोरी किए गए सोने चांदी के आभूषण किये गये बरामद आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया।